# डॉ. सुनील कुमार को 'समाज भूषण पुरस्कार'




विश्वविद्यालय के हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर और युवा लेखक-एक्टिविस्ट डॉ. सुनील कुमार को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर कर्मचारी संघटना, धामणगाँव रेल्वे, जिला अमरावती की तरफ से ''समाज भूषण पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार पिछले दिनों डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की 125वीं जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर के कुलसचिव और अंबेडकरी विचारक डॉ. पूरन मेश्राम तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. सुनील को यह सम्मान गौतम बुद्ध, बाबासाहेब डॉ अंबेडकर, बिरसा मुंडा और अन्य दार्शनिकों-महापुरुषों की वैचारिकी का अकादमिक जगत और आम जनता के बीच प्रचार-प्रसार करने, दलित-आदिवासी और पिछड़े समाज में सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना जगाने तथा अस्मितावादी विमर्श के क्षेत्र में उनके विशिष्ट रचनात्मक योगदान और उपलब्धियों के लिए मिला है। डॉ. सुनील इसके पूर्व 'गोंडवाना भूषण सम्मान' तथा 'शिक्षण मैत्री सम्मान' से भी विभूषित हो चुके हैं।